**नगर निगम, शाहजहॉपुर।**

**<u>प्रेस विज्ञाप्ति</u>**

**<u>दिनांक 25.07.2020</u>**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष अभियान।**

नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियत्रण के अभियान के साथ–साथ नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 25.7.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कचहरी कलेक्ट्रेट,जज साहब का बंगला, रामनगर, दिलाजाक, मोहम्मदजई बाबूजई, खलीलशर्की, गौहरपुरा, रेयान स्कूल,तारीन गाड़ीपुरा, दलेलगंज, रेती, तारीन बहादुरगंज,अन्टा, बृज बिहार कालोनी, गुरूकुल स्कूल, आकांक्षा स्कूल,बाबूजई, मोहम्मदजइ, रैन बसेरा, बीएस0 पब्लिक स्कूल,पालिटेक्निक कॉलेज,मुमुक्ष आश्रम,बच्चा जेल,नगर निगम परिसर,रोडवेज, आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शोच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया।नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें। इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 25.07.2020 को  बाडूजई पेशावरी,बहादुरपुरा,बाबूजई,मढ़ा,रौजा नोटिफायइड एरिया आदर्श नगर में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। । नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 25.07.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। प्रर्वतन दल के माध्यम से प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबन्धित पालीथीन से निर्मित वस्तुओ को सीज करने तथा जुर्माना लगाने का कार्य भी किया जा रहा है ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा है।  नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न वार्डो में चिन्हित किये गये 32 खाली पड़े प्लाटो का विशेष अभियान चलाकर साफ कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर